इको क्लब

प्रगति रिपोर्ट

वर्ष 2023–24

(अप्रैल से मार्च)

वार्ड नं0 7,

सिवानी मण्डी, जिला भिवानी

प्रेमलता

President Secretary

ECO CLUB

Siwani Mandi (Bhiwani)

हरियाणा

प्रगति रिपोर्ट

इको क्लब सिवानी मण्डी जिला भिवानी (हरियाणा)

प्रगति रिपोर्ट वर्ष 2023–24

इको क्लब एक स्वयं सेवी संस्था है। यह संस्था वर्ष 1994 से समाज की भलाई के क्षेत्र में कार्यरत है। वर्ष 2023–24 के दौरान संस्था द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए परिवार परामर्श केन्द्र, वृद्धों के लिए सीनियर सीटिजन होम, फिजियोथैरिपी क्लीनिक, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जिनकी विस्तृत जानकारी निम्न है :–

1. सीनियर सीटीजन होम

संस्था द्वारा सिवानी मण्डी में 25 वृद्ध लाभार्थियों के लिए एक सीनीयर सीटिजन होम का संचालन किया जा रहा है जिसमें वृद्धों की सुविधा के लिए रहने का उचित प्रबंध, हवादार कमरे, रसोई, स्नानघर, टॉयलेट व मनोरंजन के लिए लूडो, ताश, ढोलक, बैन्जू, अखबार, मैगजीन, धार्मिक पुस्तकें आदि पढ़ने के लिए दिये जाते हैं व इनकी सुविधा अनुसार इन्हें धार्मिक स्थानों की आउटिंग करवाई जाती है। जरूरतमंद वृद्धों को चिकित्सक द्वारा ईलाज करवाया जाता है तथा दवाईयाँ मुफ्त दी जाती हैं। इनको सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, सांयकाल में अल्प आहार व रात्रि का भोजन की सुविधा दी जा रही है। केन्द्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरों

प्रेमलता

President Secretary
ECO CLUB
Siwani Mandi (Bhiwani)

का भी विशेष प्रबन्ध किया गया है। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नई दिल्ली के सहयोग से चलाया जा रहा है।

2. फिजियोथैरिपी **क्लीनिक**

संस्था द्वारा सिवानी मण्डी जिला भिवानी में फिजियोथैरेपी क्लीनिक चलाया जा रहा है। इस क्लीनिक में फिजियोथैरिपिस्ट व टैक्नीशियन द्वारा वृद्धों की जाँच की जाती है व जरूरतमंद वृद्धों का फिजियोथैरिपिस्ट विधि द्वारा मुफ्त ईलाज किया जाता है। इस विधि द्वारा घुटनों का दर्द, गर्दन व रीढ़ की हड्डी व कन्धों की जकड़न का वर्ष 2023–24 में 982 लाभार्थियों का सफलता पूर्वक ईलाज किया जा चुका है। क्लीनिक को सुचारू रूप से चलाने के लिये सी.सी.टी.वी. कैमरों का भी विशेष प्रबन्ध किया गया है। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से चलाया जा रहा है।

3. **परिवार परामर्श केन्द्र**

संस्था द्वारा सिवानी मण्डी में महिलाओं के कल्याण के लिए परिवार परामर्श केन्द्र चलाया जा रहा है। यह केन्द्र केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सहयोग से चलाया जा रहा है। इस केन्द्र में इलाके की परिवार द्वारा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2023–24 में अनेकों महिलाओं ने परिवार परामर्श केन्द्र से लाभ उठाया तथा अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाया।

4. **स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम–**

संस्था द्वारा जिला सिवानी में स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में काउन्सलरों द्वारा सर्वे व काउन्सलिंग से लोगों को अपने स्वास्थ्य

President Secretary
ECO CLUB
Siwani Mandi (Bhiwani)

एवं कोरोना जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन शिविरों में नशे से मुक्ति दिलाने के लिये लोकल स्कूल–कॉलेजों के युवा वर्ग को इसके प्रति जागरूक किया जाता है। इन शिविरों में युवाओं को नशे से स्वास्थ्य पर होने वाली हानियों व धन की बर्बादी के बारे में जागरूक किया जाता है।

प्रेमलता

President Secretary
ECO CLUB
Siwani Mandi (Bhiwani